**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 10 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उपयोगकर्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए नए आधार कानून को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 के साथ जोड़ा जाएगा। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि जब आधार कानून बनाया गया था, तब कानूनी ढांचे में कई कमियां थीं, लेकिन अब उनको दूर किया गया है। श्री वैष्णव ने आधार कानून के आधुनिक संस्करण पर बल देते हुए कहा कि मौजूदा सरकार गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने पर ध्यान दे रही है।

***<u>एक तरीके से हमारे पास देश में एकदम आधुनिक अब्सोल्युटली मॉडर्न लीगल फ्रेमवर्क अब आ गया है। नाओ वी नीड टु सी हॉओ दी आधार लॉ कैन बी हार्मोनाइजड ...... दी डीपीडीपी एक्ट। दैट इस ए टास्क आई वुड रिक्वेस्ट दी यूआडीएआई अथॉरिटी टू टेक एस वन ऑफ़ दी मेजर टास्क्स गोइंग फॉरवर्ड, बिकॉज वैन दी आधार एक्ट वास एनेक्टेड दैट टाइम थेअर वर मैनी गैप्स इन दी लीगल स्ट्रक्चर। आज वो गैप्स फिल अप हो चुके हैं। तो हमें आधार एक्ट का एक मॉडर्न वर्जन क्या लाना चाहिए का ऑब्जेक्टिव हमें रखना चाहिए टू कीप दी यूज़र एट दी सेंटर ऑफ दी अवर एन्टायर लेजिस्लेशन।</u>***

*********************************************************************

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा नई दिल्ली में आयोजित "आधार-संवाद" कार्यक्रम में हरियाणा को “बच्चों के आधार नामांकन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य” श्रेणी के तहत हरियाणा को प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हरियाणा की ओर से राज्य का प्रतिनिधित्व सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विशेष सचिव  राहुल नरवाल और क्रीड के प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ  कमलेश्वर केशरी ने किया। उन्होंने "आधार-संवाद" कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा समग्र "आधार पारिस्थितिकी तंत्र" को सुचारू रूप से प्रबंधित करने के लिए अपनाई गई कई तकनीक को सांझा किया।

*************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज महावीर जयंती पर देशवासियों विशेष रूप से जैन समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान महावीर अंहिसा और करुणा की मूर्ति थे, जिन्होंने अंहिसा परमो धर्मा के संदेश से मानवता को नई राह दी।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महावीर जयंती के अवसर पर नागरिकों, खासकर जैन समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के आदर्श दुनिया

भर में अनगिनत लोगों को शक्ति देते हैं। उन्होंने कहा कि जैन समुदाय ने उनकी शिक्षाओं को खूबसूरती से संरक्षित और लोकप्रिय बनाया है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार भगवान महावीर के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

*******************************************************************

हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर गतिविधियां शुरू हो गई हैं। हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से 75 दिन पहले योग शिविर शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धों, दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए योग, प्राकृतिक चिकित्सा और ध्यान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 27 मई को योग महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भागीदारी करेंगे।

*********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा नशा मुक्त हरियाणा के संदेश के साथ शुरू की गई साइक्लोथॉन-2.0 का आज पलवल पहुंचने पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने स्वागत किया।इस अवसर पर खेल मंत्री ने लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया और नशा न करने शपथ दिलाई।खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा को 'नशा मुक्त ' बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जन-जागरूकता मुहिम के रूप में शुरू की गई साइक्लोथॉन रैली हरियाणा के प्रत्येक जिले में दस्तक देते हुए हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए नागरिकों को जागरूक करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगी और प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

**********************************************************************

सोनीपत के गांव कुमासपुर और दीपालपुर के खेतों में कल आग लगने से तीन एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल गाड़ियों के पहुंचने से पहले गांव के किसानो ने ट्रैक्टर और पानी के टैंकरों की मदद से आग को फैलने से रोकने की कोशिश की । आग की लपटों से आसपास के खेतों को भी नुकसान हुआ है।आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गांव कुमासपुर के पीड़ित किसान कृष्ण कुमार के खेतों में हुए नुकसान का जायजा लिया। संबंधित पटवारी और कृषि विभाग के अधिकारियों को भी नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।